कार्यालय–प्राचार्य, शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
www.nrmggcdhamtari.in / E-mail: girlscollegedhamtari@yahoo.com, / Ph: 07722-296487

NAAC GRADE – 'B'

धमतरी, दिनांक 10.10.2023

//बी.पी.एल. छात्रवृत्ति सूचना //

महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि जो छात्राएं बी.पी.एल. छात्रवृत्ति की पात्रता रखतें है वे छात्राएं सत्र 2023–24 के लिए बी0पी0एल0 छात्रवृत्ति नवीन/नवीनीकरण आवेदन फार्म राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) **scholarships.gov.in/** पर रजिस्ट्रेशन कर **दिनांक 15.10.2023 से 30.11.2023 तक** फॉर्म भर कर हार्डकापी निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–

1. ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकापी।
2. 10वी.,12वी. एवं पिछली परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. बी.पी.एल. प्रमाण–पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
4. बी.पी.एल. राशन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
5. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
6. महाविद्यालय के प्रवेश पत्र एवं सभी रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
7. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ एवं ट्रान्जेक्शन पृष्ठ की स्पष्ट स्वप्रमाणित छायाप्रति ।
8. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

नोट :–

- जिन छात्राओं के आवेदन पूर्व वर्ष 2022–23 में महाविद्यालय द्वारा वेरीफाई किया गया था, वे Renewal केटेगरी में तथा अन्य Fresh केटेगरी में आवेदन करेंगे।
- आवेदक का नाम महाविद्यालय के रिकॉर्ड में, आधार कार्ड एवं बैंक अकाउंट में समान होना चाहिए अन्यथा आवेदन को डिफेक्ट कर दिया जाएगा। अतः छात्राएं अपना नाम आधार कार्ड एवं बैंक खाता में सुधार लें।
- छात्राएं कृपया यह सुनिश्चित करे कि आवेदनकर्ता छात्रा का मोबाईल नंबर एवं बैंक अकाउंट, आधार से सीडिंग/लिंक हो अन्यथा छात्रवृत्ति का भुगतान संभव नहीं होगा।
- छात्राएं ऑनलाईन आवेदन के दौरान Date of Class Start फिल्ड में Admission Date की प्रविष्टि करें।
- बैंक खाता में न्यूनतम बैलेंस 1000/– से कम ना हो एवं खाता चालू रहना चाहिए तथा माह अक्टूबर 2023 की स्थिति में अपडेट हो। (ट्रान्जेक्शन की एण्ट्री कराकर छायाप्रति संलग्न करें।)
- सभी दस्तावेजों को छात्रायें स्वप्रमाणित कर जमा करें।
- छात्राओं को केवल एक ही प्रकार की छात्रवृत्ति का लाभ दिया जायेगा। पोस्टमैट्रिक, अल्पसंख्यक एवं अन्य छात्रवृत्ति हेतु फार्म भरने वाली छात्राये इस छात्रवृत्ति हेतु पात्र नहीं होंगे।

10/10/2023

(डॉ. जे.एल. पाटले)
प्रभारी अधिकारी छात्रवृत्ति

(डॉ. डी.आर. चौधरी)
प्राचार्य

प्राचार्य
शास. एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय
धमतरी (छ.ग.)

D:\Harsh\2020-21\Notice